हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार,1 जुलाई 2024


तापमान
अधिकतम 38.3 डिग्री
न्यूनतम 25.7 डिग्री


12 शरीर को निरोग रखने के लिए जीवन शैली में योग को करें शामिल


12 श्री अमरनाथ यात्रा के लिए बस रवाना

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार ने शराब ठेके से 20 हजार लूटे

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतरौली में स्थित शराब ठेके पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। एक बाइक सवार तीन बदमाश आए। जिनमें से दो ठेके के भीतर घुसे। बदमाशों ने सेल्समैन सुरेंद्र निवासी गांव आट्टा जिला पानीपत के सिर पर पिस्तौल की बट मारी। ठेके की सेल के रुपए के अलावा सेल्समैन का पर्स भी लूट लिया। इसके बाद तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए।

### पानीपत पुलिस ने लूट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट टीम ने समालखा थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर गत वर्ष महेश शर्मा पुत्र गोपाल शर्मा निवासी इब्राहिम मंडी, करनाल से गन प्वाइंट पर हुई कार लूट की वारदात में शामिल तीसरे आरोपी सुमित निवासी भैसरवाली, फरीदाबाद को दिल्ली की तिहाड़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई।

### सांड ने दो लोगों को टक्कर मारी

पानीपत। पानीपत में आवारा सांड ने पॉश एरिया वृंदा एन्क्लेव निवासी डॉ मनोहर लाल शर्मा व इनके समधी को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह सांड से मौके पर मौजूद सभी लोगों को बचाया गया।

### थ्री व्हीलर संतुलन बिगड़ने से पलट

**घरौंडा।** पानीपत की तरफ आ रहा सवारियों से भरा एक थ्री व्हीलर संतुलन बिगड़ने के कारण पलट गया जिसमें सवारियों को चोटे आई हैं। बाबरपुर निवासी आशा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि वह बाबरपुर मंडी से अपने तीन बच्चों को लेकर थ्री व्हीलर में बैठकर घरौंडा की तरफ आ रही थी। थ्री व्हीलर चालक नशे की हालत में था। तेज गति से वाहन चला रहा था और अचानक ही थ्री व्हीलर संतुलन बिगड़ने के कारण डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया।

### बरसाती सीजन से पहले हरकत में दिखे परिवहन राज्य मंत्री

# मंत्री ने गंदगी से अटे नाले को देखकर निगम के अफसरों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बरसाती सीजन लोगों के लिए मुसीबत न बने। इसके लिए परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल हरकत में हैं। रविवार को उन्होंने पूरे शहर के नालों की सफाई का जायजा लिया। जिन नालों में गंदगी मिली इसके लिए निगम अधिकारियों को फटकार लगाई। इस दौरान नगर निगम, जन स्वास्थ्य विभाग,नहरी विभाग, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग व अन्य विभागों के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री ने सबसे पहले अंबाला चंडीगढ़ रोड पर पड़ने वाले मुख्य नालों का जायजा लिया। यहां हालात देखते ही मंत्री असीम गोयल दंग रह गए। यहां नाले इस कदर ब्लॉक पड़े थे कि मानो सदियों से किसी ने यहां सफाई करना तो दूर सफाई करने की सोची भी नहीं। हालात देखकर परिवहन मंत्री ने तुरंत विभागीय अधिकारीयों को फटकार लगाते हुए नाले की सफाई के आदेश दिए।

■ अंबाला चंडीगढ़ रोड पर पड़ने वाले मुख्य नालों को देखकर मंत्री गोयल दंग रह गए


नालों की सफाई को लेकर अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते मंत्री असीम गोयल।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तुरंत प्रभाव से सभी संबधित विभाग अपना लाव लश्कर लेकर नालों की सफाई में जुट जाएं। मंत्री ने बताया कि बरसाती सीज़न के मद्देनजर सभी विभागों के अधिकारियों के साथ यह दौरा किया गया था। इसमें शहर की बाहरी ड्रेन व शहर के अंदरूनी क्षेत्र के बरसाती व मुख्य नालों का जायजा लिया है। सभी हमारे सफाई सेनानी रविवार को भी अपने काम पर मुस्तैद है। कई जगह कमियां मिली है। संबंधित अधिकारियों को ठीक करने के निर्देश दिए गए है।

### घग्गर नदी में बाढ़ से बचाव के बंदोबस्त किए जा रहे

मंत्री ने कहा कि यदि पिछली बार की तरह बाढ़ के हालात बनते है तो घग्गर नदी में बाढ़ से बचाव के बंदोबस्त किए जा रहे हैं। बंधो को पक्का किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मानसून में शहरवासियों को कोई समस्या न आने पाए। इस अवसर पर पूर्व मेयर रमेश मल, निगम सदस्य मनीष आनंद मन्नी, यतिन बंसल, सुंदर ढींगरा, मंडल अध्यक्ष हरीश शर्मा, रामचंद्र सैनी, अमन सूद, महामंत्री प्रीतम सिंह गिल, स्वर्ण सैनी, सुरेंद्र घई टीटू, सुरेंद्र मल्होत्रा, सुखविंद्र सौंडा, संजीव गोयल टोनी, यशपाल सद्दोपुर व गुरविंदर सिंह मौजूद रहे।

# पिस्तौल के बल पर बदमाशों ने लाहोरी जीरे से भरा ट्रक लूटा

### अभी तक नहीं लगा बदमाशों का सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



चालक को पेड़ पर गमछे से बांध 4 बदमाश ट्रक लूटकर फरार हो गए। ट्रक में लोहारी जीरे की 2200 पेटियां थी। घटना शुक्रवार देर रात हरियाणा-पंजाब के सद्दोपुर बॉर्डर के पास की है। ट्रक ड्राइवर ने मालिक पहुंचने के बाद बलदेव नगर थाने में शिकायत सौंपी है।

■ महेशनगर पुलिस ने लूट मामला दर्ज कर जांच शुरू की

बिहार के गांव खविनी (अरवल) के लालन पंडित ने बताया कि वह पिछले 4 साल से दिल्ली के सतनाम के साथ बतौर चालक काम कर रहा है। 28 जून की शाम 7 बजे वह पंजाब से 2200 पेटी लोहारी जीरा की लोड करके दिल्ली के जहांगीरपुरी के लिए रवाना हुआ था। वह रात 10 बजे अपनी गाड़ी लेकर पंजाब-हरियाणा के बार्डर सदोपुर पहुंचा। यहां कांबोज फीलिंग स्टेशन के साथ ट्रक लाइन में गाड़ी खड़ी करके टायरों की हवा चेक करने लगा। तभी 4 आदमी आए जिन्होंने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। चारों ट्रक के अंदर केबिन में घुसे,इनमें से एक बदमाश ने उसके सिर पर पिस्तौल रख दी और कहा कि अगर आवाज की तो तेरे को मार देंगे। एक बदमाश ने गाड़ी चलानी शुरू कर दी। उसको केबिन में ही सीट पर बैठा लिया। शाहाबाद से थोड़ा आगे चल कर गाड़ी को जीटी रोड के किनारे खड़ा कर दिया। यहां उसे सड़क से थोड़ी दूर ले जाकर पेड़ से गमछे के साथ बांध दिया।

ड्राइवर ने बताया कि यहां से चारों लुटेरे गाड़ी को लेकर फरार हो गए। वह बड़ी मुश्किल से 2-3 घंटे बाद अपने हाथ खोले और सड़क पर आकर अपने मालिक को किसी का फोन लेकर सूचित किया। सूचना मिलने के बाद ट्रक मालिक सतनाम सिंह मौके पर पहुंचा। बलदेव नगर थाने की पुलिस ने लुटेरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पानीपत में शराब पार्टी में युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के गांव बलाना मोड़ के पास शराब पार्टी में मोनू पुत्र राजबीर निवासी गांव उग्राखेडी जिला पानीपत की गर्दन में शराब की बोतल तोड़ कर घपो दी, गर्दन कटने से मोनू की मौके पर मौत हो गई। पता चला है कि गांव बलाना में शिवालिका फैक्टरी में मोनू, मोहित, राकेश, सुनील चार दोस्त जो फैक्ट्री में एक साथ काम करते थे, सभी आपसी दोस्त थे शनिवार को देर रात्रि फैक्टरी से काम खत्म करके गांव नौल्था से बलाना रोड़ पर शराब का ठेका पर शराब ली, कुछ दूरी पर एक साथ शराब पी, इस दौरान किसी बात को लेकर कहसुनी हुई। इस दौरान मोनू की हत्या कर दी गई। इधर, थाना इसराना पुलिस ने मोनू के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, जांच पूरी होने के बाद ही पता चल पाएगा कि मोनू की हत्या क्यों और किसने की।

■ कहासुनी के दौरान गर्दन में शराब की बोतल तोड़ कर घोप दी

### फंदे पर लटका मिला कर्मचारी का शव

**नीलोखेड़ी।** किसान बस्ती में सावन इंटरप्राइजेज जोकि भाटिया बाक्स फैक्ट्री के नाम से भी जानी जाती है सुबह 5 बजे कर्मचारी का शव फंदे पर लटका मिला। इस बारे चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारा और उसके परिवार को सूचित किया। उन्होंने बताया कि युवक का नाम मंजय पासवान है और बिहार गोधा का निवासी है और लगभग पिछले 25 दिनों से सावन इंटरप्राइजेज में कार्यरत है। इस बारे कर्मचारी होल्टन पासवान ने बताया कि वह और मंजय पासवान रात इकट्ठे खाना खाकर सोए थे और सुबह उठने पर मंजय पासवान फंदे पर लटका मिला।

# राष्ट्रहित के लिए काम कर रही है भाजपा सरकार

### विधायक अरोड़ा गांव दड़वा में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में बोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरी हैं। राष्ट्रहितों की रक्षा के लिए भाजपा हमेशा तत्पर रहती है। उक्त शब्द सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने रविवार को बुड़िया मंडल के गांव दड़वा में शक्ति केंद्र के त्रिदेव व पन्ना प्रमुखों की आयोजित बैठक में कहे। उन्होंने मौके पर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और नजदीक के गांव मंडी में चल रहे तालाब के सफाई कार्य कार्य का जायजा लिया। कार्यकर्ताओं ने सिटी विधायक का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने त्रिदेव व पन्ना प्रमुखों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा की।

■ बुड़िया मंडल के गांव दड़वा में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण


यमुनानगर के गांव दड़वा में आयोजित पन्ना प्रमुखों की बैठक में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने त्रिदेव व पन्ना प्रमुखों को प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं व नीतियों को घर घर पहुंचाने के लिए आहवान किया। उन्होंने गांव मंडी में पहुंचकर वहां चल रहे तालाब की साफ सफाई के कार्य का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने तालाब की सफाई कार्य को जल्दी पूरा करने के लिए निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न गांवों में स्थित तालाबों का ऐसे ही औचक निरीक्षण किया जाएगा और उन्में किए जा रहे सफाई कार्य को जल्द पूरा करवाने पर बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में तालाबों के रखरखाव पर करोड़ो रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

# बाइक सवार ने महिला के गले से झपटी चेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

बाइक सवार युवकों द्वारा पैदल चल रही महिला के गले से झपटी सोने की चेन छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस में दर्ज शिकायत में नन्द कॉलोनी निवासी महिला दीपा ने बताया कि गत रात्रि 8 बजे वह अपने लड़के के साथ प्रार्ची रोड मन्दिर से अपने घर नन्द कलोनी में पैदल जा रही थी। जब वे थोड़ी देर बाद कैथल रोड नजदीक गुप्ता पेटोल पम्प के सामने पहुंचे तो उनके पीछे 2 मोटरसाइकल सवार नौजवान लड़के आए और एक दम उसके गले से सोने की चेन को झपटामार कर छीन कर ले गए। उसने पुलिस को बताया कि वह जो वे मोटरसाईकिल पर सवार दो नौजवान लड़कों को पहचान सकती है। महिला दीपा ने पुलिस से गुहर लगाई कि मोटरसाईकल सवार लड़कों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर उसकी सोने की चैन को बरामद करवाया जाए।

■ रात्रि आठ बजे बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया

# शिविर में 304 यूनिट रक्त किया एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

■ शिविर विशेष रूप से थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए लगाया गया

सूर्या रोशनी लिमिटेड व जिला रेडक्रास सोसायटी के सौजन्य से इंद्री के देवी मंदिर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए लगाया गया। इस शिविर में करीब 304 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में महिलाओं ने विशेष रुचि दिखाते हुए रक्तदान किया। इस बारे में जानकारी देते हुए डा संजय वर्मा ने कहा कि रक्तदान का कोई भी नुकसान नहीं है बल्कि फायदे ही फायदे है। रक्तदान करने से हमारा शरीर तंदुरुस्त रहता है। प्रत्येक युवा को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो युवा रक्तदान करते है उनको मिलने वाले सर्टिफिकेट के कारण सरकारी नौकरियां में अलग से नंबर दिए जाते है। ड़ा. वर्मा ने बताया कि करनाल जिले में इंद्री हल्के का रक्तदान करने में पहला स्थान है। इस मौके पर समाजसेवी कपिल किशोर ने बताया कि थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए यह 25वां रक्तदान शिविर है। कपिल ने कहा कि थैलेसीमिया बीमारी का कोई इलाज अभी तक नहीं मिला है। इसका एक मात्र विकल्प बार बार रक्त को बदलना ही है। ऐसे जरूरतमंद मरीजों को रक्त की कमी ना हो इसके लिए ही ऐसे रक्तदान शिविरों को लगाया जाता है।

### इन्होंने सहयोग दिया

इस रक्तदान शिविर में नरेश गुप्ता, गगन सिंगला, वैभव सिंगला, रोहित जिंदल, राकेश गर्ग,विपिन लूथरा, हिमांशु भाटिया, सुखबीर शर्मा, हिंमाशु जिंदल, अमित सिंगला, संजीव मलिक, चिराग मेहता, दिनेश शर्मा बंटी, रवि , राजेश , पुलकित वर्मा, करणदीप सिंह, पवन अरोड़ा, प्रदीप कुमार, अंकित व आवेश आदि का सहयोग रहा।


इंद्री के देवी मंदिर में लगे रक्तदान शिविर मे रक्तदान करते रक्तदाता व उपस्थित आयोजक ।

### राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर विशेषः आमजन को ब्रेन के रोगों के प्रति किया जागरूक

# विश्वभर में बढ़ रहे ब्रेन ट्यूमर के मरीज : डॉ.जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डॉ. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के न्यूरो सर्जन डॉ.हिमांशु जैन ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर व जानलेवा बीमारी के बारे में आज आमजन को जागरूक करना व गलत धारणाएं खत्म करना अति जरूरी हैं। डा जैन राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या रविवार को दीप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी गांव टाटका में आयोजित निशुल्क कैंप में विचार व्यक्त कर रहे थे। डॉ.जैन ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर मरीजों को अपथ्य खानपान, स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही, अल्कोहल व धूम्रपान का सेवन, वंशानुगत, शरीर में किसी अन्य भाग में अगर कैंसर है, तो ब्रेन में भी पहुंचने की संभावना बढ़ सकती है। कार्यस्थल पर रेडिएशन, कैमिकल और पेस्टीसाइड का अधिक मात्रा में होने के कारण विश्व में दिन प्रतिदिन ब्रेन ट्यूमर के मरीज बढ़ते जा रहे है। शिविर में विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बैसाखी राम व कमलजीत कौर ने कहा कि डॉ हिमांशु जैन ने जीवन में सेवा के सूत्र को अपनाते हुए जो जनसेवा का अभियान चलाया हुआ है, वह सराहनीय कार्य है। उन्होंने ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.रूचि जैन, एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस डॉ संजय शर्मा, डॉ गुरवीर कौर और डॉ शालू का स्वागत व अभिनन्दन किया। डॉ.संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित 1929वें निशुल्क कैंप में 142 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। कैंप को सफल बनाने में अंजू, सौरभ, पिंकी, प्रवीण, विशाल, कुलदीप कि विशेष भूमिका रही।


**कुरुक्षेत्र।** मरीजों को संबोधित करते डॉ.जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन। फोटो : हरिभूमि

### ब्रेन ट्यूमर के शुरूआती लक्षण

डॉ जैन ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर के शुरूआती लक्षणों में पहले सिर में लगातार हल्का दर्द रहना व धीरे धीरे अधिक बढ़ना, चक्कर आना, उल्टी आना, आखों की रोशनी कम होना या धुंधला दिखाई देना, हमेशा हाथ- पैर में सनसनी होना, सोचने, बोलने और भाषा को समझने में कठिनाई होना, सुनने, स्वाद या स्मेल में दिक्कत होना, शरीर के एक हिस्से में कमजोरी आना, व्यक्ति का संतुलन खोना या फिर बार-बार चक्कर आना, भ्रम और भटकाव की स्थिति पैदा होना शामिल हैं।

### रोकथाम के उपाय

डॉ जैन ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर की रोकथाम हेतु योगा करना, बायोप्सी के जरिए यह पता लगाया जाता है कि शरीर में कैंसर किस जगह व कितना है, इसीलिए बायोप्सी कराना भी लाभदायक होता है। ट्यूमर जब ज्यादा बढ़ जाता है और उसका इलाज संभव नहीं हो पाता, तो डॉक्टर ब्रेन सर्जरी की सलाह देते हैं। अतः तंबाकू के सेवन से बचें। ट्यूमर के मरीज को इससे बहुत परहेज करना चाहिए। अधिक वजन से भी कई सारी बीमारियां हो जाती हैं, इसीलिए वजन को नियंत्रित रखना चाहिए।किसी भी तरह के कैंसर से बचने के लिए टीकाकरण कराते रहना चाहिए।

### युवक पर की फायरिंग बाल बाल बचा

**शाहबाद।** गांव मदनपुर में चार युवकों द्वारा मदनपुर के नवयुवक अर्षदीप पर गोली चलने का मामला आया है। दोपहर लगभग 3 बजे गांव मदनपुर में चार युवक ऑलटो कार में सवार होकर मदनपुर के खेतों में काम करने वाले अर्षदीप और उसके भाई पर देसी कट्टे से फायरिंग की। गनीमत रही कि अर्शदीप के कांन के पास से गोली निकल गई । आपसी रंजिश का मामला बताया जा रहा है। गांव वीसियो ने डायल 112 पर संपर्क किया और मौके पर डायल 112 के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। चार युवकों में से दो युवकों को गांव वासियों ने खेतों में से भागते हुए पकड़ लिया, जबकि दो युवक भागने में सफल हो गए। पुलिस ने दोषियों से एक देसी कट्टा और एक राउंड कब्जे में लिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि मामले की जांच करने के बाद पता चलेगा कि वारदात का क्या कारण है और यह नवयुवक कहां के हैं।

# हाईवे पर दो ट्रकों में हुई टक्कर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नेशनल हाइवे पर हुए हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा जग्गी सिटी सेंटर के पास हुआ। मृतक की शिनाख्त यूपी के गांव राजपुरा के कुलदीप के रूप में हुई है। ट्रक ड्राइवर शाहाबाद से लुधियाना वापस लौट रहा था। बलदेव नगर थाने की पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए आरोपी दूसरे ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यूपी के गांव नगला भोपाल के प्रशांत ने बताया कि वह कार ड्राइवर है। उसके जीजा कुलदीप भी ट्रक ड्राइवर थे। उसके दोस्त की कॉल आई कि जीजा कुलदीप का अंबाला में एक्सीडेंट हो गया है। वह अंबाला शहर के सिविल अस्पताल पहुंचा। यहां गंभीर हालत को देखते हुए उसके जीजा को दिल्ली एम्स के लिए रेफर कर दिया था। वह अपने जीजा को दिल्ली लेकर जा रहा था, बीच रास्ते में उसके जीजा ने इशारा करके ट्रक दिखाया, जहां एक्सीडेंट हुआ था। उसके जीजा ने बताया कि वह ट्रक में माल खाली करके शाहाबाद से वापस लुधियाना जा रहा था। जग्गी सिटी सेंटर के पास पहुंचा तो यहां सड़क की साइड में बिना सिग्नल के एक ट्रक खड़ा था। जिसमें टकराने से यह एक्सीडेंट हो गया। वे पानीपत के पास पहुंचे तो उसके जीजा की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। वह जीजा को सिविल अस्पताल पानीपत लेकर पहुंचा। यहां उसके जीजा की इलाज के दौरान मौत हो गई। बलदेव नगर थाने की पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ हादसा जग्गी सिटी सेंटर के पास हुआ

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ को 10 सेवादारों का दूसरा जत्था रवाना

तरावड़ी 30 जून (राजकुमार खुराना) ओम शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से श्री अमरनाथ का जम्मू कश्मीर में 28 वां विशाल भंडारे के लिए आज मंडल कार्यालय से 10 सेवादारों के दूसरे जत्थे को मंडल पदाधिकारियों ने रवाना किया। बता दे कि 29 जून अमरनाथ जी की यात्रा शुरू हो चुकी है। यह सेवादारो जत्था भंडारा समापन होने तक वहां रहकर श्रद्धालुओं की सेवा करेंगा। प्रधान दुरगेश मित्तल ने बताया पत्रकारों को बताया कि संस्था हर वर्ष श्री अमरनाथ में नगर वासियों के सहयोग से जम्मू कश्मीर बालटाल के रास्ते बराड़ी मार्ग पर विशाल भंडारे का आयोजन करती है।

### पुरस्कारों के लिए 15 अगस्त तक करें आवेदन

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री सहित प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की सिफारिशों के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शुमार इन पुरस्कारों की घोषणा 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। पद्म पुरस्कारों के लिए 15 अगस्त 2024 तक भेजी जानी चाहिए। केवल ऑनलाइन भेजे गए नामांकनों पर विचार किया जाएगा और निर्धारित समय-सीमा के बाद प्राप्त किसी भी नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी ने भेंट की साइकिल

**शाहबाद।** मारकंडा नदी के किनारे बसी मारकंडा कॉलोनी की झुग्गी झोपड़ियां की रहने वाली काजल जोकि सरकार द्वारा प्रतिभावान बच्चों के लिए मिशन बुनियाद में सर्वोच्च स्थान हासिल करने के उपरांत नगर के कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता काजल को सहायता करने के लिए आए हैं। उसी कड़ी में कांग्रेस नेता प्रेम हिंगा खेड़ी ने काजल को एक साइकिल भेंट की है ताकि काजल को स्कूल जाने में दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकारः बलदेव सिंह

**कुरुक्षेत्र।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पंचकूला में भाजपा कार्यकर्ताओं की विशाल बैठक में कार्यकताअरं में होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रति जबरदस्त जोश देखने मिला। कार्यकर्ता मीटिंग में उपस्थिति देने उपरांत कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने बताया कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे जोश में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी से हरियाणा का प्रत्येक वर्ग खुश है और तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर नायब सैनी को फिर से मुख्यमंत्री देखना चाहता है।

### रक्तदान सबसे बड़ा दान : मिथुन समाना

**कुरुक्षेत्र।** रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कोई कमजोरी नही आती अपितु हमारा रक्तदान किसी की जान बचा सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान करके पुण्य का भागीदार बन सकता है। मिथुन समाना ने बताया कि जैन हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र में दाखिल 1 महिला बहुत अधिक रक्तस्त्राव होने की वजह से जिंदगी मौत से जूझ रही है। आपात स्थिति में रक्त की जरूरत पड़ने पर वह स्वयं रक्तदान करने पहुंचे और रक्तदान किया।

---

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ

# अब प्रदेश की जनता को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़तेः हरविंद्र

करनाल के 2500 लाभार्थियों को मिला सामाजिक सुरक्षा पेंशन का अधिकार पत्र , 86 लाभार्थियों को प्लॉट खरीदने के लिए मिला एक-एक लाख का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आम नागरिकों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाने का काम किया है। अब नागरिकों को मासिक सम्मान राशि पाने के लिए ना तो दरखास्त देनी पड़ती है और ना ही दस्तावेज जमा करवाने पड़ते है। इस सरकार ने ऑनलाईन प्रणाली के माध्यम से तमाम योजनाओं का सौ फीसदी लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को पूरा किया है। विधायक हरविन्द्र कल्याण रविवार को देर सायं मंगलसैन ऑडोटोरियम हाल के सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग व पंचायत विभाग के तत्वावधान में नये लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, डॉ बी आर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभ वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक हरविन्द्र कल्याण, विधायक रामकुमार कश्यप, उपायुक्त उत्तम सिंह, एडीसी अखिल पिलानी, जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी, डीएसडब्ल्यूओ कृष्णा भारद्वाज ने तीनों योजनाओं के लाभार्थियों को अधिकार पत्र व स्वीकृति पत्र वितरित किए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पानीपत से वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के जरिए तीनों योजनाओं के लाभ वितरण कार्यक्रम का आगाज किया और कहा कि पहली जुलाई से प्रदेश के तीनों योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ मिलेगा तथा लाभ की राशि सीधा बैंक खाते में जमा होगी।

विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 100-100 वर्ग गज प्लाटों का कब्जा न पाने वाले 6,300 लोगों को अधिकार पत्र एवं 1-1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता जारी की गई है। प्रदेश के 75 हजार नये लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन जारी की गई और डॉ बी आर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत 2 हजार लाभार्थियों को मरम्मत के लिए सहायता राशि जारी की गई। ये योजनाएं गरीबों व वंचित वर्गों के लिए चलाई जा रही हैं और हमारी सरकार के सबका साथ-सबका विकास के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं। इस कार्यक्रम के अंत में सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी व डीएसडब्ल्यूओ कृष्णा भारद्वाज ने विधायक हरविन्द्र कल्याण, विधायक रामकुमार कश्यप व उपायुक्त उत्तम सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन एआईपीआरओ रघुबीर सिंह ने किया। इस मौके पर एडीसी अखिल पिलानी, एसडीएम अनुभव मेहता, डीडीपीओ कृष्ण, एनआईसी के निदेशक महिपाल सीकरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### 2500 लाभार्थियों को मिला पेंशन का लाभ

घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण व इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने जिला स्तरीय कार्यक्रम मंर करनाल के 2500 बुढ़ापा, दिव्यांग, विधवा, विधुर योजना के तहत मौके पर पेंशन योजना का लाभ दिया है। इन लाभार्थियों को 1 जुलाई से सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ मिल पाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने मंच पर बुढ़ापा पेंशन के लाभार्थी खेड़ीमानसिंह निवासी जैनमती, रावर निवासी कृष्ण, कुटेल से बलजीत सिंह, बस्तली से पुरूषोतम शर्मा, डाचर से सिंदर सिंह, दिव्यांग पेंशन के लाभार्थी शामगढ़ से कुलदीप सिंह, बस्तली से कर्म सिंह, डाचर से पंकज, औंगद से महिन्द्र , विधवा पेंशन के लाभार्थी बुटान खेड़ी से राखी, शामगढ़ से सरोज, विधुर पेंशन के लाभार्थी टिकरी से रामधन, बीबीपुर जाटान से दलबीर सिंह आदि लाभार्थी शामिल है, को मंच से लाभ दिया गया।

### 26 लाभार्थियों को मिले 80-80 हजार रूपये

घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण व इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने डॉ बी आर अम्बेडकर नवीनीकरण आवास योजना के तहत 26 लाभार्थियों को 80-80 हजार रूपए की राशि का लाभ दिया है। जिसमें गांव सालवन से पवन कुमार, गुढा से रेखा देवी, थल से पूजा देवी, फरीदपुर से मीरा, कुटेल से मीनू, बेगमपुर से अंग्रेजों, लालुपुरा से अनीता, चंद्रो से मांगेराम, गढ़ी बीरबल से अंकित, बरसालू से बिंदो देवी और फफड़ाना से रेखा देवी आदि शामिल है।

### 86 लाभार्थियों को मिले एक-एक लाख

घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण व इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के 26 लाभार्थियों को प्लॉट खरीदने के लिए 1-1 लाख रूपये की राशि का लाभ दिया है। इस कार्यक्रम में मंच के माध्यम से बल्हेड़ा से देवी सिंह, बुधराज, सुभाष, अमरकली, साहब सिंह को एक-एक लाख रूपये की राशि का लाभ दिया। फोटो। 30पीएम

---



### भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना साकार होकर रहेगा

करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत एक सेमिनार का आयोजन नैशनल डायरेक्टर मघर दास एंव कोमलप्रीत की अध्यक्षता में हुआ जिसमें नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव नैशनल चेयरमैन व्यापार प्रकोष्ठ पवन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा एंव पवन शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सेमिनार में भ्रष्टाचार उन्मूलन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एंव सदस्यों को मैडल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया आज़ादी आंदोलन के शहीदों का भ्रष्टाचार मुक्त भारत के सपनो का भारत बनाने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा की भ्रष्टाचार की किसी भी गतिविधि का पता चलते ही विजिलेंस विभाग को उसकी सूचना जरूर देना चाहिए, भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए खुद जागरूक होकर दूसरों को



### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत की

तरावड़ी 30 जून (राजकुमार खुराना) प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाये गये अभियान मे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत आज भाजपा मंडल तरावड़ी के बूथ नंबर 101 पर पौधा लगाया गया। वह उसकी पालन पोषण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ तरावड़ी मंडल के अध्यक्ष प्रवीन गुप्ता ने की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रवीन गुप्ता व मंडल प्रभारी रजनी प्रोचा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 दिनों पहले एक पौधा मां के नाम पौधारोपण अभियान की शुरुआत की है। इस कड़ी को आगे बढ़ते हुए आज तरावड़ी मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्क में पौधारोपण किया और हर बूथ स्तर पर कार्यक्रमों को अपने-अपने बूथ पर पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने कहा कि इस अभियान को पूरे मंडल मे तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीनाक्षी भिंडर, शक्ति केंद्र प्रमुख रामकुमार गुप्ता, अमित कुमार व मनोज चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा सेक्टर-13 पार्क नं. 11 में त्रिवेणी लगाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



आज पर्यावरण संरक्षण समिति रजिस्टर्ड करनाल द्वारा सेक्टर-13 के पार्क नं. 11 में त्रिवेणी लगाई गई। अनिल गुप्ता, लता गुप्ता, अंशुल गुप्ता परिवार द्वारा अपने कर कमलों से त्रिवेणी रोपित की गई और जल से सींची गई। लक्ष्मी गुलाटी एवं समिति प्रधान द्वारा केले के पौधे रोपित किऐ गए। समिति चीफ पैट्रन कंवल भसीन द्वारा त्रिवेणी का महत्व बताया गया। उन्होंने बताया कि त्रिवेणी में पीपल का पेड़ विष्णु भगवान को प्रिय है, बढ़ का पेड़ ब्रह्मा जी को पूजनीय है। नीम का पेड़ पर्यावरण के लिए लाभकारी होता है। समिति अध्यक्ष एस.डी. अरोड़ा ने बताया कि जैसे गंगा-यमुना और सरस्वती नदियों का इलाहाबाद में संगम होने से त्रिवेणी संगम कहलाता है वैसे ही पीपल, बढ़ और नीम के पौधे देवताओं को प्रिय होने के कारण यह तीनों इक्टठे लगाने से त्रिवेणी कहलाती है और पुण्यदायी फल देते हैं। उन्होंने बताया कि अब बरसात का मौसम शुरु हो गया है सावन मास का आगमन होने वाला है इस मौसम में पौधे लगाने से पौधे जल्दी बड़े हो जाते हैं। आज पौधारोपण के अवसर पर मुख्य रूप से चीफ पैट्रन कंवल भसीन, अध्यक्ष एस.डी. अरोड़ा, वरिष्ठ उप-प्रधान राम रतन अत्री, महासचिव के .एल. नारंग, इंजि. अनिल अरोड़ा, डॉ. पुष्पा सिन्हा, शशि आर्या, एच.डी. कथूरिया, यशपाल बंसल, लता गुप्ता, अनिल गुप्ता, अंशुल गुप्ता, एस.के. अजय, श्रीमती लक्ष्मी गुलाटी, सीनू, हरिताभ भारती आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### इग्नू ने हेल्थ में नया पाठयक्रम किया लॉन्च

**करनाल।** राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू ने हाल ही में एमबीए हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एक नया कार्यक्रम लांच किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षित कार्यबल का एक पूल विकसित करना है, जिससे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों, संबंधित संगठनों और अस्पतालों द्वारा कुशल सहायता प्रदान करने और दूरदराज के क्षेत्रों सहित देश भर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नियोजित किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में दाखिला लेने के लिए भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार सामान्य वर्ग के लिए कम से कम 50 फीसदी अंकों के साथ और आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए 45 फीसदी अंक जरूरी हैं।

## भारत विकास परिषद ने लगाया निःशुल्क हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

भारत विकास परिषद शाखा घरौंडा द्वारा संस्थापक डॉक्टर सूरज प्रकाश जी की जयंती के उपलक्ष में 27 जून से 10 जुलाई तक चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एक निःशुल्क होम्योपैथिक कैंप राधा कृष्ण मंदिर रामनगर घरौंडा में लगाया गया।इस कैंप में होम्योपैथिक संगठन करनाल की 10 डॉक्टरों की टीम ने निःशुल्क हेल्थ चेकअप किया ,वे निशुल्क दवाइयां भी वितरित की !इस कप में लगभग 160 के आसपास पुरुष, महिला व बच्चों* ने अपना चेकअप कराया! वे निशुल्क दवाइयां भी प्राप्त की! इस कैंप में मुख्य रूप से मुल्तानी सभा के प्रधान श्री अनिल जावा जी व उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। इस कैंप में आए हुए सभी मेहमानों का व डॉक्टरों का अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने धन्यवाद किया। व उनको व मुल्तानी सभा के प्रधान को एक स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित किया और आए हुए सब मेहमानों का बहुत-बहुत धन्यवाद किया और आए हुए लोगों ने भी भारत विकास परिषद के इस कार्य की खूब तारीफ की! इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राजेश गर्ग जी, पूर्व अध्यक्ष चांद पहल,पूर्व अध्यक्ष विकास सिंगला, आशीष गुप्ता, डॉक्टर जितेंद्र पाल,कपिल धीमान, हरीश गर्ग, नवीन सिंगला,सुनील धीमान, कोषाध्यक्ष रामकुमार,महिला संयोजिका सावित्री राणा,इंदिरा गर्ग व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं संग देखा मन की बात कार्यक्रम

**घरौंडा।** घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने मोहिदिनपुर मंडल के राजीव पुरम मे बूथ संख्या 42 पर पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा।

इस दौरान कल्याण ने अपने सम्बोधन मे कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से आज प्रधानमंत्री जी का माताओ प्रति सन्देश अपने आप मे अहम पहलु है। उन्होंने कहा कि माँ से बड़ा रिश्ता इस धरती पर कोई नही है माँ द्वारा दी गई शिक्षा पीढ़ी दर पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन जाती है। मोदी जी द्वारा पुरे देश मे एक मुहीम चलाई है जिसके तहत हर व्यक्ति एक पौधा लगाये ओर उस पौधे को अपनी माँ को सम्पर्पित करे ताकि अपनी माँ से जुड़े होने पर उस पौधे की उचित तरीके से देखभाल करके बड़ा किया जाये। जिससे भविष्य मे पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके।

---



### पवन सिंगला फिर बने महाराजा अग्रसेन सभा के प्रधान

**इंद्री।** महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री की मीटिंग महाराजा अग्रसेन भवन इंद्री में हुई । जिसकी अध्यक्षता अमित गोयल ने की व मंच का संचालन जगदीश गोयल ने किया । मीटिंग में सभा प्रधान पवन सिंगला ने अपने गत 2 वर्षों का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए अपना कार्यकाल समाप्त होने पर समस्त कार्यकारिणी सहित अपना त्यागपत्र अमित गोयल को सौंपा । इस मौके पर उपस्थित अग्रवाल समाज के लोगों ने पवन सिंगला को सर्वसम्मति से दोबारा आगामी 2 वर्ष के लिए प्रधान चुना । इस मौके पर पवन सिंगला ने उपस्थित समाज के लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि वे समाज की भलाई के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे । अग्रवाल समाज के लोगों ने पवन सिंगला के दोबारा प्रधान बनने पर उन्हे बधाई दी ।

## यूआईडीएआई ने फिर बढ़ाई फ्री में आधार अपडेट करने की डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- अब 14 सितंबर तक निशुल्क अपडेट करा सकते हैं आधार कार्ड

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया की यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितम्बर कर दी है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहले 14 जून तक तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता था जिसे अब तीन महीने आगे बढ़ाते हुए आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि 14 सितम्बर 2024 तक कर दी गई है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है।

उपायुक्त ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े।



### निर्माण के काव्य संग्रह शब्द बोलते हैं का हुआ विमोचन

**करनाल।** कृष्ण कुमार निर्माण के हिंदी काव्य संग्रह ₹शब्द बोलते हैं₹ का विमोचन गत दिवस दिल्ली के पालम स्थित भगत चंद्रा हॉस्पिटल के साहित्यिक सभागार में हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर कीर्ति काले ने की और विशेष अतिथि डॉक्टर एम सी भगत रहे,मुख्य अतिथि ओमप्रकाश कल्याणे रहे।मंच संचालन वरिष्ठ कवि पंकज जैन और करिश्मा जैन ने किया।इस अवसर पर कमलेश कुमार पालीवाल ने ₹शब्द बोलते हैं ₹ काव्य संग्रह के बारे में बोलते हुए कहा कि जब काव्य संग्रह को पढ़ते हैं तो ऐसा एहसास होता है कि पाठक वैचारिक दुनिया में प्रवेश कर गया है और कृष्ण कुमार निर्माण की कविताएं पाठक के मन-मस्तिष्क को विस्तार देती हैं,वहीं कई सामाजिक समास्याओं की ओर इशारा करने के साथ लड़ने की ताकत पैदा करने का काम करती हैं।

---

## ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत करें पौधारोपणः योगेन्द्र राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अर्बन मंडल के बूथ नंबर 82 पर पौधारोपण किया और इस मौके पर मोदी के मन पसंद कार्यक्रम मन की बात को कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सुना।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की और भारत तथा विश्व भर में सभी लोगों से आह्वान किया था कि वे आने वाले दिनों में अपनी मां को श्रद्धांजलि स्वरूप एक पेड़ लगाएं ।उसी का अनुसरण करते हुए आज उन्होंने अर्बन मंडल के बूथ नंबर 82 पर पौधारोपण कर इस अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर 10 पेड़ सभी एक पेड़ मां के नाम पर लगाएं और इसके लिए अन्य सभी लोगों को इसके लिए प्रेरित करे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनः रेडियो की लोकप्रियता को बढ़ाया

## ग्रामीणों ने सुना पीएम के मन की बात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता व कार्यकर्ता के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए।

तरावड़ी मंडल के गांव पधाना में रविवार को आमजन व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगो से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनका रेडियो पर पहला कार्यक्रम है। डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विगत दस सालों से निरंतर मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के उन प्रतिभाशाली, परिश्रमी व्यक्तियों के संदर्भ में देशवासियों को परिचित करवाते हैं जिन्होंने अपने उद्यम से राष्ट्रीय विकास में रचनात्मक कार्य किया है और सकारात्मकता से अन्य के लिए प्रेरणादायी बने हैं। साथ ही प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से आधुनिक संचार माध्यमों के बीच रेडियो की लोकप्रियता को भी पुनः प्रतिष्ठित मंच प्रदान किया है जो कभी देश में ज्ञानार्जन का पहला साधन माना जाता था। मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीवन के हर उस पहलु का बारीकी से उल्लेख करते हैं। जिनसे देश का सम्मान उजागर होता है। इस अवसर पर प्रवीण गुप्ता के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनने वालों में मंडल प्रभारी रजनी परोचा,महिला मोर्चा पूर्व जिलाअध्यक्ष मीनाक्षी भिंडर, सरपंच प्रवीन कुमार ,शक्ति केंद्र प्रमुख भीम सिंह, पालक सतीश गोसाई, बूथ अध्यक्ष मुकेश राणा, अमित कुमार व सभी कार्यकर्ताओं ने साथ सुना।

## खबर संक्षेप

### शिव भक्त कावड़ियों के लिए कैंप 27 से

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की मीटिंग अग्रवाल मंडी कार्यालय पर संपंन हुई। वहीं, अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन हर वर्ष की तरह गोमुख गंगोत्री हरिद्वार से आने वाले शिव भगत कावड़ियों के लिए शिव रात्रि के उपलक्ष पर 27 जुलाई से 2 अगस्त तक जी टी रोड की फुटपाथ पर कावड़ शिविरआयोजित किया जाएगा।

### समाजसेवी ऋतमोहन सम्मानित

**पानीपत।** पानीपत के समाज सेवी ऋतमोहन को फिल्म स्टार एवं सांसद हेमा मालिनी ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह कार्यक्रम विज्ञान भवन-दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

### जानलेवा हमले का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने नंगला पार गांव में स्कूल के पास 23 जून की देर शाम कार से घर लौट रहे नंगला पार गांव निवासी आजाद पुत्र मांगेराम पर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने के आरोपी आसिफ अहमद निवासी शिव नगर हाल शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि इस मामले में थाना सनौली में आजाद की शिकायत पर केस दर्ज है।

### आईबी कालेज में पौधरोपण अभियान की शुरूआत

**पानीपत।** सर्व संगठन सेवा संस्थान के तत्वावधान में पानीपत के आईबी कालेज में पौधारोपण अभियान की शुरूआत के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईबी कॉलेज के प्राचार्य डा. अजय गर्ग, हरिओम तायल, मुकेश, सुरेश काबरा, डीए राजेश, डीईओ राकेश बुरा, रोडवेज जीएम कुलदीप जांगड़ा, सेक्टर 29 प्रधान श्री भगवान अग्रवाल, रेलवे अधीक्षक धीरज कपूर, प्राण रत्नाकर, ललित गोयल, सुरेश काबरा, विक्की कत्याल,राज रमन, हेमा रमन व गुलाब मौजूद रहे।

### घर के बाहर से कार चोरी

**पानीपत।** समालखा ब्लूजे रोड से दो कार सवार युवकों ने शनिवार की देर रात को प्रदीप राठी ईको कार चुरा ली। घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद जो गई।

## एक पौधा मां के नाम पर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

# पीएम मोदी के मन की बात सुन कर शुरू किया पौधरोपण

दुष्यंत भट्ट ने लोगों से अनुरोध किया की वह अधिक से अधिक पौधरोपण करके प्रकृति पृथ्वी और पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव बराना के बूथ नंबर 28 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सुनी, इसके बाद गांव में एक पौधा मां के नाम पर पौधारोपण अभियान का शुभारंभ। जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने आम और अमरूद के पौधे लगाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय और शांति केंद्र प्रमुख मांगेराम त्यागी भी मौजूद रहे। वहीं पीएम के मन की बात कार्यक्रम का मुख्य केंद्र मां की याद में पौधारोपण और लोकल फार वोकल का स्वर रहा। इधर, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि कि यह भारत की नई सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली मन की बात है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देश की जनता का मन जीत लिया है। उन्होंने कहा कि मानसून में मानो पृथ्वी श्रृंगार करती है चारों तरफ हरियाली ही हरियाली फैल जाती है। सभी ताल तलैया पानी से लबालब भर जाते हैं और जल का पुनःभरण होता है और हमें वर्ष भर मीठा जल मिलता रहता है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया की वह अधिक से अधिक पौधारोपण करके प्रकृति पृथ्वी और पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करें



पानीपत। भाजपा के जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट पौधारोपण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



पानीपत। पानीपत के गांव कारद में पौधे रोपते हुए ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत आदि।

### एक पौधा बुजुर्गों के नाम अभियान का शुभारंभ

**पानीपत।** ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत ने एक पौधा बुजुर्गों के नराम अभियान का शुभारंभ हर्ष आदर्श स्कूल गांव कारद में किया। स्कूल के प्रांगण से 11 वर्षीय जितेश पुत्र राममेहर ढोचक के साथ मिलकर बुजुर्ग दादी 74 वर्षीय भुलादेवी के नाम पर बरगद रोपित करके परिजनों ने देखभाल की जिम्मेदारी उठाई। इस अवसर पर भुलादेवी ने कहा कि प्रोफेसर दलजीत कुमार की बुजुर्गों के नाम पौधारोपण की मुहीम एक सराहनीय कदम है। इससे एक तरफ तो पर्यावरण बचेगा दूसरी तरफ पूरा परिवार संगठित रहेगा। हर्ष आदर्श स्कूल के डायरेक्टर राममेहर धोचल ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की मुहीम एक पौधा बुजुर्गों के नाम एक शानदार व पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयोग साबित होगा।

प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि एक पौधा बुजुर्गों के नाम अभियान बड़े पैमाने पर लगातार जारी रहेगा। इससे जहां पर्यावरण बचाने में सहयोग मिलेगा वहीं पौधों के प्रति परिवार व अपनेपन की अनुभूति होगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग पौधे लगाएंगे।



इसराना। इसराना साहिब में संगत का अभिवादन स्वीकार करते हुए संत राजेंदर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

# पौधे रोपकर पर्यावरण को घना करें नागरिकः सिंह

- हर परिवार को अपने बच्चों को अच्छे संस्कर देने चाहिए : महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

हर इंसान को प्रति वर्ष अपने-अपने घरों के आंगन खेतों ओर खलियानों में कम से कम चार पौधे लगाए और उनकी देखभाल जब तक करें जब तक वह बड़े ना हो जाए। रविवार को इसराना के संत भवन खालसा प्रचार गुरुद्वारा इसराना साहिब के प्रमुख संत राजिंदर सिंह महाराज ने गुरु अर्जुन देव जी शहादत दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में देश भर से आए श्रद्धालुओं और साधसंगत को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की कमी व प्रकृति के दोहन के चलते प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। प्रदूषण के कारण नागरिक बीमार हो रहे है। इसके मद्देनजर हर नागरिक पौधे रोप कर पर्यावरण को बढावा दें। उन्होंने कहा कि हर परिवार को अपने बच्चों को अच्छे संस्कर देने चाहिए। संस्कारी बच्चे, देश, मानवता व समाज की सेवा करते है। उन्होंने समाज की उत्कृष्ट सेवा करने वालों को सम्मानित किया। इस अवसर पर खालसा दलविंदर सिंह, जितेन्द्र सिंह, गुरदयाल सिंह, महेन्द्र सिंह खालसा, सुखप्रीत सिंह, काला सिंह, समशेर सिंह, आदि आदि हजारों की संख्या में मौजूद थे।

## कादियान बने आरडब्ल्यूए के प्रधान

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 18 की आरडब्ल्यूए के चुनाव में परवार कादियान अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर विरेंद्र मलिक, बिजेंद्र कौशिक, कमल आहूजा, रामधारी, भैरव सिंह, विनोद कुमार, प्रदीप मलिक, दक्षिता देशवाल, रघबीर शर्मा, एआरओ राजेश पुनिया, नरेश सेठी बिजेंद्र कौशिक, गुरदीप सिंह, राजबीर मलिक, धर्मेंद्र अहलावत, रणपाल राणा, कर्मबीर कादियान, नरेंद्र ढांडा, काबुल सिंह, अजमेर सिंह, सुभाष कालीरमन, प्रदीप कादियान, शिव करण, सोमनाथ सेठी, राजेश कादियान, रामफल मान आदि मौजूद रहे।

# समाज की सेवा करेगा युवा मंडल



पानीपत। युवा मंडल के पदाधिकारीगण बैठक करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

- युवा मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

युवा मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। वहीं, डॉ नरेश चुग, मोहिंदर कुमार हुरिया, गगन सडाना को सरंक्षक, चेयरमैन विजय शर्मा, वाइस चेयरमैन टीटू नंदवानी, प्रधान रवि मेहता, उप प्रधान गौरव नंदवानी, यश गाबा, महासचिव दीपांश चांद मिगलानी, सचिव विशाल जुनेजा, तरुण मोनू नारंग, महा प्रबंधक हितेश बत्रा, हेमंत मोंटू शर्मा, प्रबंधक मोहित गांधी, अमित सेठी, मीडिया प्रभारी संचित पुगला, साहिल खुंगर, भंडारा प्रबंधक रवि चोपड़ा, कमल अरोड़ा, यात्रा प्रबंधक के लिए ललित ग्रोवर, सोनू डोडो सलूजा, जय पुग्ला, चिराग भूटानी, राहुल गाबा, जगजीत सिंह, सरदार गोल्डी सिंह, चिराग नारंग, मोनू माहना, अशोक भोलेवासी, आरव चोपड़ा, गौरव कथूरिया, मनोज रहलन, रवि सुध, पवन मखीजा को नियुक्त किया गया। वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष रवि ने कहा कि युवा मंडल के सभी पदाधिकारीगण समाज की तन, मन, धन से सेवा करेंगे।

### पीएम मोदी के मन की बात सुनी

**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में देश में हो रहे सकारात्मक बदलावों का जिक्र करते है पूरे देश को उन बदलाओं से अवगत करवाते। प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम समाज को सकारात्मक संदेश देता है। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने पानीपत शहरी विधान सभा क्षेत्र कृष्णपुर मंडल में जाटल रोड स्थित अनाथालय में भारी संख्या में लोगो के साथ मन की बात सुनने के बाद अपने संबोधन में कहें। इस अवसर मुख्य रूप से, मेघराज गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री सुनील कंसल, तरुण पसरिचा, रमेश सैन अहरिया, जसमेर शर्मा, बलवान सरोहा, सीए रविंद्र सिंह, जितेंद्र रोहिला, सतपाल मलिक, राजेश शर्मा आदि थे।

# सेवानिवृत्त हुए बिजली निगम के एसडीओ

- अपने अंदर सेवा का भाव प्रबल करें नागरिक : गिरधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत थर्मल पावर प्लांट से 35 साल की सेवा के उपरांत सेवा निवृत्त हुए एसडीओ अविनाश गिरधर की विदाई पर रविवार को समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अविनाश गिरधर को साथी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उपहार देकर विदा किया। बता दें कि अविनाश गिरधर ने 19 दिसम्बर 1988 को जेई के पद ज्वाइन किया था। उसके बाद नवंबर 2018 में एसडीओ बन कर यमुनानगर थर्मल पावर प्लांट में कार्य भार ग्रहण किया। एक साल बाद दोबारा फिर पानीपत थर्मल पावर में बदली हो गई।

पूरी सर्विस में एक साल पानीपत से बाहर रहे। आज यहीं से वह सेवा निवृत हो गए। वहीं विदाई समारोह में अविनाश गिरधर ने कहा कि अब मेरी जिम्मेदारी पहले से ज्यादा बढ़ गई है। अब वह अपने आप को समाज सेवा के कार्यों में व्यस्त रखेंगे। खास तौर पर योग कक्षाओं को ज्यादा से ज्यादा समय दिया जाएगा।



पानीपत। बिजली निगम के एसडीओ अविनाश गिरधर को विदाई देते साथी अधिकारी व कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमवीर पंवार को मिली डॉक्टरेट की मानक उपाधि

- होनोरारी डॉक्टरेट अवार्ड 2024 का इंटीग्रेटेड ग्लोबन यूनिवर्सिटी ने सम्मान समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ग्लोबल चैम्बर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री व एग्रीकल्चर द्वारा दिल्ली के द्वारका स्थित पांच सितारा होटल रेडिशन ब्लू में होनोरारी डॉक्टरेट अवार्ड 2024 का इंटीग्रेटेड ग्लोबन यूनिवर्सिटी ने सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार की सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक की गतिविधियों व सर्वसमाज में पूरी निष्ठा के लिए डॉक्टरेट की मानक उपाधि से सम्मानित किया। डॉ ओमवीर पंवार ने डॉक्टरेट की मानक उपाधि के लिए इंटीग्रेटेड ग्लोबन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ तपन काकोटी, डॉ नीरज स्वामी, प्रोफेसर डा राजीव कुमार के अलावा आयोजन समिति के समस्त सदस्यों का हृदय आभार व्यक्त किया है। दूसरी ओर, डॉ पंवार को भगत राजकुमार कटारिया, सरदार मलकीत सिंह, भोपाल राठी, राजकुमार राणा, विकास कुमार, पदम सिंह विनोद कुमार, महिपाल, सोमदत्त पाल, भानू तोमर, प्रदीप कुमार, लोकेश पंवार, सुभाष सिसोदिया, कुलदीप सिंह, रोहताश सहराया, संजय चौहान आदि व्यक्तियों ने बधाई दी।



पानीपत। समाजसेवी डॉ ओमवीर पंवार, डॉक्टरेट की मानक उपाधि ग्रहण करते हुए।

# मर जाएंगे बेमौत अगर जल नहीं होगा..

- आर्य पीजी कॉलेज में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में अंकन साहित्यिक मंच के तत्वावधान में जून मास की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता डॉ.ए.पी.जैन ने की। इसके मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि सुधा बत्रा व सहदेव शर्मा रहे। मंच संचालन शकील जठेड़ी ने किया।

वहीं डॉ जैन ने सुनाया कि मैंने कच्चा समझ उस पर पत्थर फैंक तो दिया, मेरा खुद का मकान कांच का है, मैं भूल गया। सुधा बत्रा ने सुनाया कि आदमी की शक्ल से अब डर रहा है आदमी, आदमी को लूटकर घर भर रहा है आदमी। शकील जठेडी ने सुनाया कि मकसद मेरे सफर का जिसको भी पता चला, हर काम छोड़ छाड़ कर, मेरे साथ चल पड़ा। सहदेव शर्मा ने सुनाया कि ऐसे रूठा नहीं करते यूं अपने चाहने वालों से, गलतफहमी न पालें आप दिल के इन दीवानों से। इधर, सुरेंद्र धीमान ने सुनाया कि माना कि अल्फाजों से बनती है शायरियां, मगर कुछ चेहरे भी गजल हुआ करते हैं। काव्य गौष्ठी में धर्मेंद्र अरोड़ा मुसाफिर, सुभाष भाटिया, सत्यनारायण शास्त्री, इकबाल पानीपती, डॉ. सुरेंद्र टुटेजा, सुलेख जैन, नरेश लाभ, चंद्रशेखर आजाद, निशा सिंह, राजेंद्र चुग, अनिल गहलोत, नरेश गंभीर, मकर मित्रोलिया, मोहनलाल मुधरेजा, प्रेम कुमार, फौजी गुरुचरण सिंह ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियां द्वारा सबको आनंदित किया।




पानीपत। अंकन साहित्यिक मंच काव्य गोष्ठी में शिकरत करते हुए साहित्यकार। *फोटो : हरिभूमि*

### गोशाला में हरे चारे की सेवा की

- राकेश लूथरा ने 21 क्विंटल हरा चारा दान किया

**पानीपत।** श्री कृष्ण आदर्श गौशाला चुलकाना धाम रोड समालखा में 21 क्विंटल हरे चारे की सेवा की। समालखा की इस सबसे पुरानी गौशाला में लगभग 2500 गाय हैं। श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम के वरिष्ठ सदस्य राकेश लूथरा ने 21 क्विंटल हरा चारा दान किया है। इस अवसर पर राकेश लूथरा,संजू पुजारी और भाजपा मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा छदिया आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**कपिल गुगलानी सपुत्र श्री प्रेम कुमार गुगलानी निवासी मकान नम्बर 377/2 रोशन महल पानीपत व आदि**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि कपिल गुगलानी सपुत्र श्री प्रेम कुमार गुगलानी निवासी मकान नम्बर 377/2 रोशन महल पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है, जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक **प्रेम कुमार सपुत्र हरभगवान दास** की मृत्यु दिनांक 06.12.2000 को हो गई थी। मृतक **स्वं. प्रेम कुमार** के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैः- 1. श्रीमति पुष्पा रानी विधवा 2. कपिल गुगलानी सपुत्र 3. दीपक गुगलानी सपुत्र 4. मुस्कान गुगलानी सपुत्री ही वारिस है। यह कि उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक **स्व. प्रेम कुमार** का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नही है, जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है तथा पार्षद वार्ड नम्बर 3, अंजली शर्मा, व हल्का पटवारी सुभाष ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारिस की तसदीक की है, इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृत्तक **स्व. प्रेम कुमार** के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एत्तराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 28-06-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## प्रारंभ एक नई शुरूआत संस्था ने बढ़या हाथ

# सामूहिक विवाह समारोह में 20 जोड़े बने हमसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रारंभ एक नई शुरूआत संस्था द्वारा हुडा सेक्टर 25 स्थित द एंबियंस गार्डन में सामूहिक विवाह समारोह में 20 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न कराया। साथ ही उन्हें जरूरत का सामान भी देकर विदाई दी गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज, पूर्व पार्षद विजय जैन, पूर्व मेयर अवनीत कौर, भाजपा नेता गजेंद्र सलूजा, रविंद्र भाटिया, मेघराज गुप्ता, कांग्रेस नेता आर्य सुरेश मलिक, समाजसेवी ईश्वर गोयल, राजबीर जैन, संजय अग्रवाल, शकुंतला गर्ग ने शिरकत की। मंत्री ने महीपाल ढांडा ने प्रारंभ एक नई शुरूआत संस्था की जमकर प्रशंसा करते हुए नवदंपत्तियों को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर संस्था के प्रधान सिद्धार्थ गुप्ता, संस्थापक दीपक गोयल, महामंत्री अंकुश जिंदल, कोषाध्यक्ष कपिल गुप्ता, आशीष गर्ग, सुधांशु गोयल, लव कुश अग्रवाल, अशोक गर्ग, सन्नी गर्ग, साहिल मित्तल, सुनील जिंदल, शिशपाल गर्ग, मदनलाल आजाद, महीपाल बंसल आदि मौजूद रहे। वहीं नई राह संस्था की अध्यक्ष डा.हेमा रमन ने सभी को पौधे भेंट कर सम्मानित किया।



पानीपत। नवदंपत्ति बने जोडों को आशीर्वाद देते हुए गणमान्य नागरिक।

# भारत के टी ट्वेन्टी में विश्व विजेता बनने पर भंडारा लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जब भारत का झंडा किसी भी अवसर लहराता है तो देशवासियों का सीना गर्व चौड़ा हो जाता है। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने पानीपत शहरी विधान क्षेत्र के वार्ड 19 की शास्त्री कालोनी में स्थित मराठा स्कूल में भारत के टी ट्वेन्टी विश्व कप में विश्व विजेता बनने की खुशी में भंडारा लगाने के बाद लोगो को संबोधित करते हुए कहे।

इस अवसर मुख्य रूप से भाजपा राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख ओबीसी मोर्चा डॉ राजबीर आर्य, ईश कुमार राणा, हेमंत पाल संजय जैन, राजेंद्र सैन, तरुण पासरीजा, कुलदीप रोहिला, रमेश सैन अहरिया, पप्पू, जतिन झोका, सोहन पाल, शम्मी मोंगा, मदन आजाद आदि मौजूद रहे। वहीं भंडारे में बडी संख्या में नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।




पानीपत। भारत के विश्व विजेता बनने पर लंगर बांटते हुए भाजपा नेता गजेंद्र सलूजा। *फोटो :*

## खबर संक्षेप

### अभियान के तहत लगाए गए 500 पौधे

**अंबाला।** सनातन मंच सेवा सभा द्वारा 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में भारतीय योग संस्थान गीता नगरी, शाखा अंबाला शहर के कृष्ण कुमार के सहयोग 20 पौधों को पानी दिया तथा 10 नए पौधे लगाए गए। पौधरोपण कार्यक्रम में मंच के प्रधान देविंदर शर्मा, सचिव महेश दत्त वशिष्ट, बंसी लाल कपूर, प्रमोद शर्मा, डॉ एस.एन जायसवाल, संत वर्मा, रजिंदर कुमार, विजय शर्मा, सतीश भारद्वाज, एस.सी. मित्तल, कृष्ण नंद यादव, श्री सतिंदर भार्गव ने पौधारोपण किया।

### ब्राह्मण सभा की हुई मासिक बैठक

**अंबाला।** भगवान परशुराम मंदिर पिपली बाजार में महीने के अंतिम रविवार को हवन यज्ञ किया गया एवं चाय प्रसाद वितरित किया। तत्पश्चात जिला ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता दविन्द्र शर्मा, चेयरमैन द्वारा की गई। बैठक में सभा की आगामी गतिविधियों, नए सदस्यों को सभा से जोड़ने तथा आने वाले त्योहारों एवं कार्यक्रमों को मनाने की तैयारियों बारे चर्चा हुई।

### श्री शिव परिवार के मूर्ति स्थापना कार्यक्रम 5 को

**बराड़ा।** श्री लक्ष्मी नारायण व श्री शिव परिवार के मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 5 जुलाई 2024 को कलश यात्रा से होगा, जो शाम 5 बजे अधोया खेड़ा मंदिर से शुरू होकर पुष्पा विहार में समाप्त होगी। कथा का आयोजन 6 जुलाई 2024 से 12 जुलाई 2024 तक शाम 4:30 से 7 बजे तक श्री लक्ष्मी नारायण धाम, पुष्पा विहार में होगा। इस ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास लोकेंद्र महाराज प्रवचन करेंगे। इस धार्मिक आयोजन का समापन 12 जुलाई 2024 को दोपहर 1 बजे भंडारे के साथ होगा।

### रंजिशन हमला करने पर पांच पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव सिंगवाल में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिंगवाल निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पड़ोसी इंद्र परिवार से रंजिश चली आ रही है। गत दिवस वह बैल लेकर पशुबाडे. से घर आ रहा था। उसी दौरान इंद्र परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### एडमिशन के अंतिम दिन छात्रों ने किए आवेदन

**उचाना।** कॉलेजों में ऑनलाइन दाखिले के लिए 25 से बढ़ाकर की गई 30 जून के अंतिम दिन ऑनलाइन आवेदन विद्यार्थियों ने दाखिलों को लेकर किए गए। यहां पर राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना, रेलवे रोड स्थित एसडी महिला कॉलेज में दाखिलों को लेकर विद्यार्थी पहुंचे। हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार विद्यार्थी 30 जून तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते थे।

---

### सीएम नायब ने गरीबों की समस्या दूर करने का लिया संकल्प :गोयल

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को किया सम्मानित

**परिवहन मंत्री असीम गोयल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण, डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना का लाभ पहुंचाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। दिव्यांगों को सर्टिफिकेट प्रदान करते परिवहन मंत्री असीम गोयल।

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में रविवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण, डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि परिवहन मंत्री असीम गोयल ने शिरकत की। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि नायब सरकार निरंतर नायाब काम करते हुए गरीब व आमजन के हित में काम कर रही है। पात्र लोगों को सीधे लाभ मिल रहा है। गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गरीब और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के जीवन की कठिनाई दूर करने का नायाब संकल्प लिया है। बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा, विदुर व अविवाहित को सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। पेंशन की राशि सीधे पात्र व्यक्ति के खाते में पहुंचती है। प्रदेश पूरे भारत में सबसे ज्यादा वृद्धावस्था पेंशन देने वाले राज्यों में शामिल है। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत लाभ दिए जा रहे हैं। पूर्व सरकार की इस योजना को 16 साल बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सुलझाया और लोगों को प्लॉट वितरित किए। इसके अतिरिक्त जिन ग्राम पंचायतों में प्लॉट के लिए जमीन नहीं है, वहां प्लॉट खरीदने के लिए 1 लाख रुपये की राशि के अधिकार पत्र दिए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के अंतर्गत मकान की मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश के आमजन को ध्यान में रखकर हर दिन विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर रहे हैं।

#### हैप्पी योजना से लोग उठा रहे लाभ

परिवहन मंत्री ने कहा कि आचार संहिता हटने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सबसे पहले जिस योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए वह हैप्पी स्कीम है। अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) कार्ड से व्यक्ति 1 हजार किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा कर सकता है। एक लाख रुपये तक पारिवारिक आय वाला प्रत्येक व्यक्ति आवेदन कर सकता है। परिवार में जितने सदस्य हैं, सभी का कार्ड बनेगा और 1 हजार किलोमीटर मुफ्त सफर कर सकेंगे। योजना के पात्र लाभार्थियों को स्मार्ट कार्ड वितरित किए जाते हैं, जिसे हरियाणा रोडवेज की बसों में दिखाकर मुफ्त सफर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के 23 लाख परिवारों के 84 लाख लोग आते हैं। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग पेंशन के दो लाभार्थी भी पहुंचे थे। इनके सम्मान की बारी आई तो परिवहन मंत्री असीम गोयल मंच से नीचे उतरकर लाभार्थियों के बीच पहुंचे। उन्होंने पहले मलकीत कौर को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसी डॉ. शालीन ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री असीम गोयल को सम्मानित किया। वहीं एडीसी अपराजिता ने भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा को पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीईओ जिला परिषद नवीन आहूजा, एसडीएम दर्शन कुमार, डीडीपीओ दिनेश कुमार, अरविंद्रजोत सिंह, भाजपा नेता संजीव गोयल टोनी, कर्मचदं , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतप्रकाश बिंजलपुर मौजूद रहे।

---

# बिजली की शिकायतों पर अब होगी तुरंत कार्रवाई

**पंचकुला जोन के तहत आने वाले चार जिलों के उपभोक्ताओं की सुनी जाएंगी शिकायतें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 1, 8, 15 और 22 जुलाई को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से संबंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरूप्योग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तिय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छह महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष पेंडिंग (लंबित) नहीं है । उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं से अपील करता है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए 1, 8, 15 और 22 जुलाई को यूएचबीवीएन के मुख्यालय में समस्याओं का समाधान करवाएं।

---

# व्यापारियों के लिए कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

- **कांग्रेसी नेता विनोद धीमान बोले किसानों को बेवजह बदनाम कर रही सरकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते कांग्रेसी नेता। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस नेता विनोद धीमान ने बताया कि आने वाले वीरवार को कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के आदेशों से बंद हरियाणा- पंजाब बॉर्डर को खुलवाने के लिए एक सांकेतिक धरना कालका चौक अंबाला शहर में करेगी। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह करेंगे। धीमान ने कहा की सरकार के द्वारा हरियाणा- पंजाब शंभू बॉर्डर बंद करने से कपड़ा मार्केट, मिक्सी उद्योग, मनियारी मार्केट के व्यापारियों के साथ साथ इन उद्योगों से जुड़े हुए छोटे कर्मचारियों को भी नुकसान हो रहा है। उनकी नौकरी व रोजी रोटी पर भी बादल मंडराने लगे हैं उन्होने कहा कि रोड बंद होने से सभी उद्योग वर्ग से जुड़े लोग को रोजी रोटी की चिंता सता रही है। एक तरफ जहां व्यापारियों को लोन की क़िस्त चुकाना मुश्किल हो गया है वही इनके पास काम करने वाले कर्मचारी भी बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसान अपनी बात दिल्ली जा कर केंद्र सरकार के पास रखना चाहते हैं तो किसानों को अपनी बात रखने देना चाहिए सरकार बेवज़ह रास्ता रोके बैठी है। धीमान ने कहा की चौधरी निर्मल सिंह जी हमेशा हर वर्ग की बात सुनते रहे हैं। इस धरने के माध्यम से वो प्रदेश की गूंगी बहरी सरकार को जगाने के साथ साथ व्यापारियों कर्मचारियों को हो रहे नुकसान के बारे में आवाज उठाएंगे।इस अवसर पर पूर्व निगम सदस्य धर्मपाल चड्ढा, सतीश सैनी,बलजिंदर सिंह,सरदार महिंदर सिंह,पूर्व सरपंच दविंदर मान,वेद बख्शी,अशोक वर्मा,नवाब अली,सोनू आनंद,अजीत सिंह,दीपक कोहली,नरेश कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

---

# निरोग रहने के लिए दिनचर्या में योग को करें शामिल

- **भारतीय योग संस्थान की ओर से आयोजित हुआ निशुल्क योग शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। भारतीय योग संस्थान के आयोजित शिविर में योग करते साधक।

भारतीय योग संस्थान द्वारा श्री सनातन धर्म महावीर दल के सहयोग से पांच दिवसीय निशुल्क मधुमेह रोग एवं योग शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर नगरपालिका चेयरर्पसन रिंकी वालिया एवं पूर्व चेयरमैन अमित वालिया ने किया। बता दें कि यह योग शिविर 3 जुलाई तक हनुमान वाटिका में सांय 5 से 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचने पर श्री सनामन धर्म महावीर दल के उपप्रधान रामेश्वर शर्मा व विनोद वर्मा एवं आदर्श गुप्ता, महासचिव राजेश वर्मा तथा एडवोकेट अरविन्द्र अरोड़ा, ओमप्रकाश आहुजा सहित अन्य सदस्यों ने चेयरपर्सन, पूर्व चेयरमैन एवं योग साधकों का स्वागत किया। चेयरपर्सन रिंकी वालिया ने कहा कि योग करके व्यक्ति निरोग रह सकता है और योग के कारण ही दुनिया में भारत को एक नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग करने से व्यक्ति मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन अमित वालिया ने कहा कि योग/प्राणायाम का महत्व हमारे प्राचीन ग्रंथो में भी बताया गया है। यह हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। आज पूरा विश्व योग को अपना चुका है। प्रधान संजय धीमान ने बताया की आई हुई भारतीय योग संस्थान कृष्णा जिला के पदाधिकारीयों की टीम जिसमें प्रधान सुरेंद्र अरोड़ा, उपप्रधान रामनाथ कपूर, जॉन प्रधान सुनीता वशिष्ठ और विमल के द्वारा सभी योग साधकों को मधुमेह के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और योगासन करवाएं। रिंकी वालिया से यहां एक योग एवं व्यायामशाला खोलने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस बारे में नगरपालिका की हाउस की अगली बैठक में एक प्रस्ताव पास करवाया जाएगा। उपप्रधान रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हमें अपने जीवन में योग को दैनिक क्रिया के रूप में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ हमें जीवन में अवश्य मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय योग संस्थान के केंद्र प्रमुख डॉक्टर राजेश, मानसिंह, संयोजक लाजपत, महिला केंद्र प्रमुख मनजीत, नीलम, अनु, प्रिंसिपल सुधीर कुमार, ब्लू बेल्स स्कूल से गुलशन, गीतांजलि और दीप्ति, सुदेश, संतोष, रामप्रसाद धीमान, हरजिंदर, सुरेश सचदेवा मौजूद रहे।

---

# अंडरपास में आवागमन करने वालों के लिए रेलवे ने लिखा चेतावनी संदेश

- **अंडरपास में लाल रंग की बनाई गई लाइन**
- **लाल रंग तक पानी पहुंचा तो अंडरपास से गुजरना खतरनाक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना




उचाना। अंडरपास में बारिश का पानी भरने को लेकर लिखा चेतावनी संदेश।

बारिश के मौसम में अंडरपास में भरने वाले पानी के चलते किसी तरह की परेशानी वाहन चालकों को न हो इसको लेकर रेलवे द्वारा उचाना कलां के अंडरपास में वाहन चालकों के लिए कितना पानी अंडरपास में हो तो गुजरे को लेकर चेतावनी लिख कर जानकारी दी गई। यहां पर लाल रंग की लाइन बनाई गई है।

चेतावनी में लिखा गया है कि इस लाइन तक पानी पहुंच गया तो पुल का उपयोग वाहन चालकों के लिए खतरनाक हो सकता है। दोनों तरफ से अंडरपास में आने से पहले ये चेतावनी दीवार पर लिखी गई है। वाहन चालक खुशीराम, बलजीत, जगबीर ने कहा कि अंडरपास में बारिश में पानी भर जाता है। पानी कितने फीट तक है इसका पता नहीं होता है। पानी 'यादा होने पर वाहन का इंजन तक खराब हो जाते है। 'यादा पानी के चलते पानी के अंदर ही रूक जाते है। रेलवे द्वारा जो चेतावनी लिख कर लाइन दीवार पर बनाई है उससे अंदाजा आ जाता है कि कितने फीट तक पानी अंडरपास में है। कितना पानी होने के बाद अंडरपास से वाहन चालक न आवागमन करें। बारिश के मौसम से पहले रेलवे द्वारा अंडरपास पर लाल लाइन बनाने के साथ चेतावनी संदेश पानी को लेकर लिख कर सही किया है।

---

### शिक्षा के नाम पर भाजपा कर रही बच्चों का शोषण

**बराड़ा।** इनेलो के युवा नेता धर्मवीर बराड़ा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। चाहे पेपर लीक हो या फर्जी दाखिले हो, चाहे बच्चे को मिलने वाला वजीफा हो। भाजपा सरकार कुछ भी सुचारु रूप से नहीं चला सकी है। उन्होंने कहा कि 4 लाख बच्चों के नाम पर सरकारी खजाने से लाखों करोड़ों रुपये का फर्जीवाड़ा किया गया है। भाजपा सरकार शिक्षा के नाम पर बच्चों का शोषण कर रही है। भाजपा अनुसूचित जाति के बच्चों को उनका वजीफा तक सही से नहीं दिया गया। हाल ही मे सीबीआई ने 3 एफआईआर दर्ज की है जिसमें साल 2014 से 2016 तक लगभग 4 लाख बच्चों का फर्जी दाखिला दिखाया है।

---

# अमरनाथ के लिए बस रवाना, 8 को लौटेंगे

- **रवानगी से पहले श्रद्धालुओं ने हवन में डाली आहुतियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

महाराणा प्रताप चौक से आज अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था रवाना हुआ। सेवादार राजेश ने बताया कि पिछले लगभग 1 महीने से इस यात्रा की तैयारी चल रही थी। यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए सभी श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन और मेडिकल पहले ही करवाया गया है। इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह था। नागा बाबा शिव मंदिर में सुबह हवन यज्ञ किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया तथा विधि-विधान से बस की रवानगी की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच जसबीर सिंह ने कहा कि सरकार ने श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए इस बार यात्रा का आयोजन बहुत ही सुरक्षित माहौल में किया है। बस में रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने केंद्र सरकार के प्रयासों की सहाराना करते हुए बाबा बर्फानी के जयकारे लगाते हुए सुखद यात्रा की कामना की। इस अवसर पर अविनाश, रिंकू, दर्शन, रवि, बलकार, मुन्नीलाल, दिनेश शर्मा, शिव शर्मा, परवीन कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार यह बस श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के दर्शन कराते हुए वापिस 8 जुलाई को पहुंचेगी।

---

### गोमांस के संदेह में पकड़ी गाड़ी में निकला मुर्गों का अवशेष

**जींद।** नरवाना पुराना बस अड्डे पर गोमांस तथा हड्डियों के संदेह में पकड़ी पिकअप गाड़ी मे मछली पालन में चारे के रूप में प्रयोग किए जाने वाले मुगार्रें के अवशेष निकले। हालांकि पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ गो संवर्धन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। नरवाना पुराना बस अड्डा के निकट पंजाब की तरफ से आ रहा लोड पिकअप गाड़ी चालक पंक्चर लगवा रहा था। लोड माल से बदबू आ रही थी। जब लोगों ने गाड़ी मे देखा तो उसमें मास तथा हड्डी के अवशेष थे। जिनका चूरा किया हुआ था। जिसके साथ पिकअप मे मास तथा गोवंश की बात फैल गई। काफी संख्या में लोग भी एकजुट हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया। पिकअप चालक ने मछलियों का चारा बताया लेकिन वहां मौजूद लोग अपनी बात पर अड़े रहे। हालातों को देखते हुए पुलिस ने गाव दनौदा कलां निवासी सुशील की शिकायत पर पिकअप चालक राहुल के खिलाफ गो संवर्धन समेत विभिन्न धाराओं तहत मामला भी दर्ज कर लिया। रविवार को पशु चिकित्सकों ने पिकअप में लोड की जांच की तो वह मुर्गों के अवशेष पाए गए।

हरिभूमि

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### तलहेड़ी रागड़ान के पूर्व सरपंच पर केस दर्ज

**बराड़ा।** ग्राम पंचायत तलहेड़ी रागड़ान के पूर्व सरपंच हरीश कुमार पर वाल्मीकि चौपाल के लिए मिली 4 लाख रुपये की ग्रांट में से 3,66,293 रुपये गबन करने का आरोप लगा है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। शिकायत में कहा कि ग्राम सचिव यशपाल की ड्यूटी के दौरान ग्राम पंचायत को वाल्मीकि चौपाल के लिए 4 लाख रुपये की ग्रांट प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता गुरदीप सिंह द्वारा की गई शिकायत के अनुसार पूर्व सरपंच हरीश कुमार ने उक्त राशि का गबन किया है। जांच के दौरान कनिष्ठ अभियंता मनीष कुमार द्वारा दी गई रिपोर्ट में पाया गया कि केवल 33,707 रुपये ही वाल्मीकि चौपाल पर खर्च किए गए हैं। शेष 3,66,293 रुपये का गबन पूर्व सरपंच द्वारा किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

---

### डंपर व भारी वाहनों से स्लैबों को पहुंचा नुकसान

# अंडरपास के अंदर लगे स्लैब से टूटने से हादसों का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। रेलवे अंडरपास के अंदर टूटी हुई स्लैब का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

तंदवाल-बराड़ा रोड़ पर बंसतपुरा के पास बने रेलवे अंडर पास के अंदर की कई स्लैब टूट जाने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंडर पास की खराब स्थिति के कारण वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में जब भी लोग रेलवे के अंडर पास से गुजरते है तो रेलवे व सरकर को कोसते है। यह समस्या पिछले लगभग तीन महीने से ओर भी ज्यादा विकराल हो चुकी है लेकिन फिर भी रेलवे इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रही है। अंडरपास के अंदर से एक साईड में तो स्लैब को हटा दिया गया था लेकिन अब वहां पर स्लैब इस प्रकार से रखी गई है। इससे किसी भी वाहन का गुजरना मुश्किल है। कई स्लैब टूट चुकी है तो कई नीचे बैठ चुकी है। इन टूटी व नीचे बैठ चुकी स्लैब के कारण रात्रि के समय में किसी भी वाहन चालक को चोट लग सकती है। ऐसे में अंडरपास में केवल एक ही साइड की ट्रैफिक चल रही है। दूसरी साइड में स्लैब के टूटने की वजह से वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। माना जा रहा है कि भारी लोड वाले डंपरों, ट्रकों व ट्रैक्टर-ट्रालियां के चलने के कारण ही इन स्लैब का यह हाल हुआ है। ऐसे में यह टूटी स्लैब वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनी हुई है। अंडरपास में दोनों साईड भरी मिट्टी की भी सफाई नहीं की जा रही है।

#### कट जाएंगे दर्जनों गांव

बरसात का मौसम सिर पर है लेकिन रेलवे अधिकारियों को इससे कोई सरोकार नहीं है। अगर इसमें पानी भर जाता है तो इसमें से गुजरना बेहद ही खतरनाक हो सकता है क्योंकि पानी के भर जाने के बाद यह ही पता नहीं चलेगा कि इसमें गढड़े कहां है? ऐसे में अप्रिय घटना घट सकती है। वैसे अगर इसमें पानी भर जायेगा तो तंदवाल, तंदवाली, चहलमाजरा, दादूपुर, सज्जनमाजरी, राऊमाजरा, राजोखेड़ी, सुभरी सहित दर्जनों गांवों का संपर्क मुख्य बाजार से कट जाएगा।

#### रेलवे नहीं दे रहा ध्यान

यहां रहने वाले लोग और वाहन चालकों ने बताया कि अगर जल्द ही इसकी मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले बरसात के मौसम में अंडर पास में पानी भर सकता है, इससे यह पूरी तरह से बंद हो जाएगा। अंडर पास में पानी भरने की स्थिति में इलाके के लोगों को और भी अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। अंडर पास की स्थिति को देखते हुए लोगों ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने और आवश्यक मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय रहते उचित कदम उठाने से अंडर पास को बड़े नुकसान से बचाया जा सकता है। लोगों की परेशानियों को कम किया जा सकता है।